कार्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़
गढ़उमरिया, ओड़ीसा रोड़, रायगढ़ (छ.ग.)

कार्यक्रम समन्वयक **Mob. No. 9977443641** **E-mail :- nsscoordinatorsnpv@gmail.com**

क्रमांक 578/रा.से.यो./2023 रायगढ़, दिनांक 01/03/2023

प्रति,

प्राचार्य/कार्यक्रम अधिकारी
समस्त रासेयो. युक्त महाविद्यालय/विद्यालय
जिला – रायगढ़ एवं जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

विषय:– शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) की स्थापना वर्ष 2020–21 तथा वर्तमान सत्र् की आपकी इकाई स्तर की उपलब्धियों तथा आपके द्वारा प्रेषित स्वरचित आलेख, जानकारी प्रतिवेदन को समेकित रूप में विश्वविद्यालय की रासेयो प्रकोष्ठ की प्रस्तावित वार्षिक पत्रिका "सेवार्थ" में प्रकाशित करने संबंधी।

––00––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ की प्रस्तावित वार्षिक पत्रिका "सेवार्थ" का प्रकाशन विश्वविद्यालय स्तर पर प्रकाशित किये जाने हेतु प्रस्तावित है। इस फलस्वरूप कृपया सत्र् 2020–21 तथा 2021–22 और वर्तमान तक का आपकी संस्था की उल्लेखनीय रासेयो उपलब्धियों का दस्तावेज तथा एक्शन फोटोग्राफ्स की मूल प्रति एवं साथ में डिजिटल प्रति हार्ड एवं साफ्ट प्रति विश्वविद्यालय के रासेयो प्रकोष्ठ के मेल में एवं डाक द्वारा भी प्रेषित करने का कष्ट करें। फोटो ग्राफ्स का चयन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि फोटोग्राफ्स व्यक्तिगत न होकर समूह का एक्शन फोटोग्राफ हो तथा उसमें रासेयो का लोगो/मोनों संस्था का नाम, इकाई का नाम तथा विश्वविद्यालय का नाम दृष्टिगोचर होता हो।

पिछले दो वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय स्तर, राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर कोई सहभागिता हुई हो तो उसका भी पृथक आलेख करें। आपकी इकाई के द्वारा लींक से हटकर विशिष्ट कार्य किया गया हो तो उसका भी उल्लेख कर सकते हैं। आजादी का अमृत महोत्सव (75 वीं वर्षगांठ) वर्ष होने के कारण जांजगीर–चांपा तथा रायगढ़ जिला के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अवदान तथा स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मृति स्थलों (ज्ञात, अल्पज्ञात, अज्ञात) का उल्लेख भी कर सकते हैं।

गोद ग्राम के विशिष्ट कार्य, दीवा शिविर, स्वीप, जागो अभियान, रक्तदान, कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण, आहार पोषण, एड्स जागरूकता, पद यात्रा, पर्वतारोहण, साहसिक अभियान, विरासत संरक्षण, वाचिक परम्परा संरक्षण, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, जेण्डर समानता, डिजिटल लिट्रेसी, फाईनेसियल लिट्रेसी, केन्द्रीय तथा राज्य सरकार के कार्यक्रमों का रोसयो के माध्यम से प्रचार प्रसार, ट्रैफिक ट्रेनिंग, रोड सेफ्टी, कैरियर कॉउसेलिंग, सम्प्रेषण क्षमता विकास, दक्षता विकास, जनसंख्या दिवस, सद्भावना पखवाड़ा, कौमी एकता सप्ताह, मानव अधिकार, संविधान जागरूकता, युवा दिवस एवं नरवा, गरवा, घुरवा और बारी थीम पर विशेष कार्यशाला, जल जीवन पर कोई विशेष कार्यक्रम हुए हो तो उसका भी उल्लेख कर सकते हैं।

युवा विकास तथा राष्ट्रीय सेवा योजना पर स्वलिखित मौलिक कविता की रचना कर प्रेषित कर सकते हैं। सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान गोद ग्राम या कोई अन्य स्थान पर किये गये स्थायी निर्माण कार्य का फोटो ग्राफ्स सहित विस्तृत विवरण का भी उल्लेख करें।

सात दिवसीय विशेष शिविरों में माननीय कुलपति महोदय के विशेष प्रवास पर भी रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

अतः उपरोक्तानुसार लेख तैयार कर मांगे गये सभी प्रकार के दस्तावेज को दिनांक 20 मार्च 2023 तक अनिवार्यतः विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ कार्यालय को भेजें।

1/3/23

डॉ. सुशील कुमार एक्का
कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो.
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़
जिला – रायगढ़ (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 579/रा.से.यो./2023 रायगढ़, दिनांक 01/03/2023

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल (म.प्र.) को सादर सूचनार्थ।
3. राज्य एन. एस. एस. अधिकारी व पदेन उपसचिव छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ।
4. जिला संगठक रासेयो. जिला–रायगढ़ एवं जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
5. कार्यालय प्रति।

1/3/23

डॉ. सुशील कुमार एक्का
कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो.
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़
जिला – रायगढ़ (छ.ग.)